कृपया प्रकाशनार्थ **17 मई 2012**

अंदमान का सेल्युलर जेल वीर सावरकर जन्मदिन पर खुला रहेगा

मुंबई, गुरुवारः पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक के अनुरोध पर अंदमान का सेल्युलर जेल अब स्वातंत्र्य वीर सावरकर के जन्मदिन पर याने 28 मई को राष्ट्रप्रेमी यात्रियों के लिए खुला रखने का निर्णय हुआ है, यह जानकारी आज एक प्रेस विज्ञप्तीद्वारा श्री. राम नाईक ने दी है.

देश-विदेश के यात्री बडी तादाद में हर साल अंदमान स्थित राष्ट्रीय स्मारक अर्थात वहाँ का कारागृह देखने आते है. इसी कारागृह में स्वातंत्र्य वीर सावरकर, उनके बंधू तथा देश के कई अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को अंग्रेजों ने बंदी बना कर रखा था. वीर सावरकर जी को तो दो बार आजीवन कारावास की सजा देकर यहाँ भेजा गया था. इसलिए स्वाभाविक है कि राष्ट्रप्रेमी पर्यटक अंदमान के कारागृह को बडे भक्तिभाव से देखने आते हैं और वहाँ सावरकर को रखें कमरे में जाकर वंदन भी करते है. इस वर्ष भी सावरकर जयंती के दिन याने 28 मई को कई सावरकर प्रेमी अंदमान जाना चाहते थे. किंतु उसी दिन इस वर्ष सोमवार है और हर सोमवार यह स्मारक साप्ताहिक छुट्टी के कारण बंद रहता है जिस से सभी यात्री निराश हुए थे. यह बात समझने पर श्री. राम नाईक ने तुरंत अंदमान के नायब राज्यपाल तथा स्मारक प्रबंधक से संपर्क किया. इस विषय की राष्ट्रीय भावना ध्यान में रखते हुए सोमवार होते हुए भी श्री. नाईक के अनुरोध पर सावरकर जन्मदिन पर स्मारक खुला रखने का निर्णय हुआ है, ऐसी जानकारी उन्हे एक पत्रद्वारा अंदमान के कला व सांस्कृतिक प्रबंधक ने दी है.

(कार्यालय मंत्री)

संलग्नः पत्र

F.No.5-8/NM/A&C/2002/427

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन

Andaman & Nicobar Administration

कला एवं संस्कृति निदेशालय

Directorate of Art and Culture

Telefax:03192-232637/230117/231463

****

Port Blair, Dated 8th May 2012

To,

Shri Ram Naik,
Former Petroleum Minister &
National Convener,
BJP MPs-MLAs Development Cell,
Mumbai - 400 063

Sub: - Keeping National Memorial open on Monday on the occasion of Jayanti of Swatantrya Veer Savarkar.

Sir,

Kindly refer your letter dated 2nd May 2012 addressed to the Hon'ble Lt. Governor, A&N Islands on the subject cited above and to inform that Museums of the Cellular Jail will remain open on Monday i.e.28th May 2012 as a special case to facilitate all visitors to pay tribute to Swatantrya Veer Savarkar on his Jayanti .

श्री. राम नाईक
का जनसंपर्क कार्यालय-मुंबई
17 MAY 2012
Office of
Shri Ram Naik - Mumbai

Yours Faithfully,

(Lucas Robert) 8/5/12
Director (Art & Culture)

Copy to:-

1. PA to Commr & Secretary (A&C) for kind information of Commr & Secretary (A&C).
2. PA to Secretary to LG, Raj Niwas for kind information of Secretary to LG.

Director (Art & Culture)